प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 17.09.2026

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है।
- आज से देशभर में शुरू हुआ सेवा सकंल्प अभियान–रायपुर में आयोजित आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री।
- प्रदेश में श्रमिकों के लिए सर्व–सुविधायुक्त आधुनिक केन्द्र स्थापित किए जाएंगे–विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान आज से देशभर में शुरू हो गया है।

सेमीकॉन इंडिया–शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि परिसर में सेमीकॉन इंडिया का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय यह सम्मेलन भारत में सहयोग, निवेश, नवाचार और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि एक ओर हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे जा रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत पर दुनिया का भरोसा भी बढ़ रहा है।

दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ता जा रहा है, साथियों इसी भरोसे की एक और बड़ी तस्वीर तीन दिन पहले खत्म हुई ब्रिक्स समिट में दिखाई दी है। भारत ने इस समिट की सफलतापूर्वक मेजबानी की सबकी सहमति से न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन का अडोप्ष्ट होना, भारत पर विश्ध्व के भरोसे का एक और बड़ा प्रमाण है।

इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमारा अगला पडाव सेमीकंडक्टर के दूसरे चरण के माध्यम से विनिर्माण को बढावा देना है, जो छह प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है।

सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज से भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' शुरू किया गया है। अगले महीने की सत्रह तारीख तक चलने वाले इस अभियान का पहला दिन 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत देशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

''सेवा संकल्प अभियान'' के पहले दिन आज छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में ''आशीर्वाद का दीया'' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शासकीय भवनों, पंचायत भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और ग्राम पंचायतों में दीप जलाए जा रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिषन–ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों के घरों में भी दीप प्रज्जवलित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर स्थित महादेव घाट मे आषीर्वाद का दीया महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद श्री साय ने तेलीबांधा तालाब के पास मरीन ड्राइव पर भी आषीर्वाद का दिया कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आसपास के क्षेत्र में नागरिकों ने बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन के अवसर पर देश–विदेश से शुभकामनाएं मिल रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अनेक नेताओं ने उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

सेवा संकल्प अभियान–कैप्सूल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा 'जन सेवा से देश सेवा' के मंत्र और निरंतर समर्पण से परिभाषित रही है, जो आज भी जारी है। सेवा और सुशासन की इसी सोच से प्रेरित होकर सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से यह प्रतिबद्धता लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है।

छत्तीसगढ़ सहित देशभर से नक्सलवाद का अंत भी विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके से नक्सलवाद के अंत के बाद अब बंदूक की गोलियों की जगह एक बार फिर स्कूल की घंटियां सुनाई देने लगी हैं। बस्तर अंचल में सुरक्षा कैम्पों को बदलकर शहीद वीर गुंडाधूर सेवा डेरा के नाम से आधुनिक जन सुविधा केन्द्र बनाया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम का आयोजन बदलते बस्तर की तस्वीर पेश करता है। जिन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, उन्हें विभिन्न विधाओं का कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे ही एक माओवादी बस्तर जिले के लखमू पोयाम ने बताया कि नक्सली संगठन में काम करते हुए उन्हें हमेशा जान का डर बना रहता था, लेकिन अब वे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही सुकून की जिंदगी बिता रहे हैं।

लखमू पोयाम जैसे सैकड़ों आत्मसमर्पित माओवादियों की यह कहानी बताती है कि बस्तर में नक्सलवाद के अंत के बाद अब विकास का सूर्योदय हो रहा है। समाचार डेस्क, आकाशवाणी रायपुर।

विष्वकर्मा जयंती

संसार के प्रथम वास्तुकार और सृजन–निर्माण के देवता माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विष्वकर्मा जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में कारीगरों और कुषल श्रमिकों का हुनर और मेहनत महत्वपूर्ण है।

इस बीच, पीएम विश्वकर्मा योजना के आज तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार तेईस में आज ही के दिन इस योजना की शुरुआत की थी। यह योजना कारीगरों और शिल्पकारों को व्यापक पैकेज प्रदान करती है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत अब तक तीस लाख से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण हो चुका है।

श्रमिक सम्मेलन

विश्वकर्मा जयंती पर आज रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए तीन बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि शहरों में रोजगार की तलाश में विभिन्न स्थानों पर एकत्र होने वाले श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री ने पंजीकृत श्रमिकों के आवागमन को सुगम बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से ई–बाइक सहायता योजना शुरू करने और असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों

को ई–रिक्शा खरीदने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को पचास हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने एक लाख तैंतालीस हजार से अधिक श्रमिकों के खातों में इंक्यावन करोड़ बत्तीस लाख से अधिक की सहायता राशि अंतरित की। उन्होंने विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि और सामग्री का भी वितरण किया। वहीं, सौ श्रमिक दीदियों को ई–रिक्शा की चाबी सौंपी। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर श्रमिकों के साथ 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्ज्वलित किया।

इस मौके पर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉक्टर रामप्रताप सिंह और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान

"स्वच्छता ही सेवा" अभियान आज से देशभर में शुरू हो गया है। इस वर्ष अभियान का विषय – स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत–विकसित भारत है। इस वर्ष यह अभियान पांच प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है। इनमें स्वच्छता वाले चिन्हित स्थानों और सार्वजनिक स्थलों का कायाकल्प, स्वच्छ पाठषाला–स्वच्छता के लिए युवा, सफाई मित्र सुरक्षा तथा सम्मान षिविर, स्वच्छता के लिए जनभागीदारी और स्वच्छता से समृद्धि शामिल हैं।

आज आकाशवाणी केन्द्र रायपुर सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में भी आज से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत हुई। अभियान के तहत मंडल द्वारा एक अक्टूबर से पंद्रह दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न स्वच्छता, जनजागरूकता और जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयु सीमा–छूट

राज्य शासन मे कार्यरत शासकीय सेवकों, निगम–मंडल, संविदा कर्मियों और नगर सैनिकों द्वारा अन्य सेवाओं के लिए आवेदन करने की निर्धारित अधिकतम आयु सीमा अड़तीस वर्ष से बढ़ाकर पैंतालीस वर्ष कर दी गई है। इस संदर्भ में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से सभी विभागाध्यक्षों, राजस्व मंडल अध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी किया गया है। यह निर्देश पुलिस विभाग की सेवाओं के लिए लागू नहीं होंगे।

सीजीपीएससी–सूचना

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा–दो हजार पच्चीस के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। सीजीपीएससी द्वारा जारी सूचना के अनुसार बीस विभागों के दो सौ पैंसठ पदों के लिए होने वाला दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार को अपरिहार्य कारणों से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह प्रक्रिया बीस सितंबर से एक अक्टूबर तक प्रस्तावित थी।

जीएसटी विभाग–भर्ती प्रक्रिया

राज्य कर जीएसटी विभाग ने बयालीस वाणिज्यिक कर निरीक्षकों की भर्ती को रद्द करते हुए उनके मूल पद पर पदावनत कर पदस्थ किया है। भर्ती प्रक्रिया को लेकर शिकायतों के बाद विभाग ने इसकी जांच कराई और जांच में परीक्षा प्रक्रिया में कई खामियां सामने आई थी। इसके बाद विभाग ने निर्णय लिया कि वाणिज्य कर निरीक्षक बने बयालीस कर्मचारीयों को उनके मूल लिपिक पद पर वापस भेजा जाएगा।